30th, 31st August and 1st September, 1995 regarding irregularities of Laxmibai National Institute of Physical Education (LNIPE), Gwalior and malpractices of its present Dean;

(b) if so, what action has been initiated by Government in this regard so far; and

(c) whether any inquiry is being conducted and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SAPORTS) (SHRI MUKUL WASNIK): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Similar irregularities as mentioned in Jansatta had already appeared in local newspapers of Gwalior and were enquired into by Shri R.N. Chopra, a retired Chief Secretary of Madhya Pradesh. The Government is further examining the matter.

स्वर्ण खनन की औसत लागत

1996. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में स्वर्ण खनन की औसत लागत कितनी है और सरकार को वर्ष 1994-95 के दौरान इसमें कितना घाटा हुआ है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गमंग): वर्ष 1994-95 के दौरान खनित किए गए स्वर्ण अयस्क की प्रति टन औसत लागत रु० 1842 और 2233 के बीच रही। मुख्य रूप से स्वर्ण उत्पादन करने वाला केन्द्र सरकार का एकमात्र सरकारी उपक्रम भारत गोल्ड माइंस लि० है जिसे वर्ष 1994-95 में 36.50 करोड़ रु० का घाटा हुआ।

स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा लदाई और उतराई हेतु निविदाएं आमंत्रित किया जाना

1997. **श्री मूलचन्द मीणा:** क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा लदाई और उतराई के लिए कुछ निविदाएं आमंत्रित की गई थीं और उनकी प्रति टन दरें क्या थीं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बोकारों और राउरकेला इस्पात संयंत्रों में लदाई और उतराई की निविदाएं निम्न दरें उद्धृत करने वाली पार्टी को बजाय ऊंची दरें उद्धृत करने वाली पार्टी को दी गयी हैं;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सरकार को इस संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ङ) स्टील अथॉरिटी को टेन्डर ऊंची दर उद्धृत करने वाली पार्टी को दिए जाने के कारण कुल कितना अतिरिक्त धन खर्च करना पड़ेगा?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव): (क) और (ख) जी, हां। वर्ष 1995 के दौरान "सेल" द्वारा बोकारो इस्पात संयंत्र (बी०एस०एल०) और राउरकेला इस्पात संयंत्र (आर०एस०पी०) हेतु लदाई और उतराई के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। उनका ब्यौरा विवरण-I और II में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ग) जी, नहीं।

(घ) और (ङ) उपर्युक्त (ग) को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण-I

बोकारो इस्पात संयंत्र

	विवरण	दर
1.	**कोयले का लदान तथा निम्नलिखित स्थानों से सड़क मार्ग द्वारा ढुलाई**	
	(i) काथरा धोवनशाला / जारामडीह साईडिंग तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के अन्दर उसकी उतराई	25.50 रु० प्रति एम०टी०